दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 295 मुरादाबाद, 22 February 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संसद रत्न अवार्ड के लिए नॉमिनेट हुए 13 सांसद, विपक्षी दलों के सदस्य हैं शामिल



नई दिल्ली, एजेंसी। संसद रत्न अवार्ड 2023 के लिए 13 सांसदों को नॉमिनेट किया गया है। इन 13 सांसदों में आठ लोकसभा और पांच राज्यसभा के सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस कृष्णमूर्ति की सह-अध्यक्षता में प्रतिष्ठित सांसदों और नागरिक समाज की जूरी ने सांसदों को नामित किया है। जूरी ने विशेष पुरस्कार श्रेणी के तहत विभागीय रूप से संबंधित दो स्थायी समितियों और एक प्रतिष्ठित नेता को भी नामांकित किया गया। समिति में प्रतिष्ठित सांसद और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हैं।

### इन नेताओं का नाम शामिल

संसद रत्न अवार्ड के लिए कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो, डॉक्टर सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा, भाजपा के विजयकुमार गवित, गोपाल शेट्टी, सुधीर गुप्ता और एनसीपी के डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे को 17 वीं लोकसभा में विभिन्न श्रेणियों के तहत उनके प्रदर्शन के लिए शामिल किया गया है। अवार्ड के लिए नामांकन 17 वीं लोकसभा की शुरुआत से लेकर शीतकालीन सत्र 2022 के अंत तक प्रश्नों, निजी सदस्यों के बिलों और सदस्यों की बहस के दौरान उनके प्रदर्शन पर आधारित हैं। संसद के सदस्यों के प्रदर्शन डेटा को पीआरएस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से प्राप्त किया गया है।

### मनोज झा, फौजिया तहसीन भी नामित

राज्यसभा में 2022 में बेहतर प्रदर्शन के लिए सीपीएम के सदस्य जॉन ब्रिट्स, राजद के मनोज झा और एनसीपी की फौजिया तहसीन अहमद खान को वर्तमान सदस्य% श्रेणी के तहत नामित किया गया है। वहीं, विशंभर प्रसाद निषाद (सपा) और छाया वर्मा (कांग्रेस) को अपने कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेवानिवृत्त सदस्य श्रेणी के तहत नामित किया गया है।

### जयंत सिन्हा भी नामांकित

वित्त समिति (लोकसभा समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा) और परिवहन, पर्यटन और संस्कृति समिति (राज्सभा समिति के अध्यक्ष वी विजयसाई रेड्डी, वाईएसआर कांग्रेस) को 17वीं लोकसभा की शुरुआत से ही उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है।

### डॉ. अब्दुल कलाम के सुझाव पर हुई शुरुआत

संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित करने के लिए की गई थी। उन्होंने खुद 2010 में चेन्नई में पुरस्कार समारोह के पहले संस्करण का शुभारंभ किया। अब तक 90 सांसदों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## शिवसेना का नाम-चिह्न शिंदे गुट को दिए जाने के खिलाफ उद्धव गुट की याचिका स्वीकार, आज होगी सुनवाई



कोर्ट ने कहा कि वह आज यानी बुधवार दोपहर 3.30 बजे इस मामले पर सुनवाई करेगा।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उद्धव गुट की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न शिंदे गुट को दिए जाने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि वह कल यानी बुधवार दोपहर 3.30 बजे इस मामले पर सुनवाई करेगा। इससे पहले इस विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग ने उनके साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा था कि उनसे उनका सबकुछ चुरा लिया गया। पार्टी का नाम, पार्टी का चुनाव चिन्ह सब चुरा लिया गया। ठाकरे ने कहा था कि वह लोग ठाकरे नाम नहीं चुरा सकते। हम चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और मामले की सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ही हमारी आखिरी उम्मीद है।

### शिंदे गुट पहले ही पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे के हाथ से शिवसेना की कमान, उसका नाम और चुनाव चिह्न छीनने के बाद एकनाथ शिंदे भी शांत नहीं बैठे हैं। शिवसेना को लेकर चुनाव आयोग के फैसले को कायम रखने के लिए वह हर एक चाल चल रहे हैं, जो उनके लिए जरूरी है। एक दिन पहले ही शिंदे गुट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने के लिए उद्धव गुट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गुहार लगा सकता है। ऐसे में इस मामले में कोई भी फैसला सुनाने से पहले शीर्ष अदालत महाराष्ट्र सरकार की दलील को भी सुने।

## UPI और PayNow के बीच लिंक सेवा की शुरुआत, PM मोदी बोले- भारत और सिंगापुर के नागरिकों को मिलेगा लाभ



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हसीन लूंग वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से %यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)' और 'PAYNOW' के बीच क्रॉस-बॉर्डर कनेक्टिविटी की शुरुआत के साक्षी बनें। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा यह लिंकेज दोनों देशों के लोगों को कम लागत वाला रीयल-टाइम भुगतान विकल्प प्रदान करेगा और प्रेषण में वृद्धि करेगा। इससे छात्रों, पेशेवरों, ह्रऋ्छ और उनके परिवारों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा आज के समय में तकनीक हमें अनेक प्रकार से एक-दूसरे से जोड़ती है। फिनटेक भी एक ऐसी तकनीक है जो लोगों को एक दूसरे से जोड़ती है। इसका दायरा एक देश की सीमाओं के भीतर ही सीमित होता है। मगर आज की शुरूआत ने क्रॉस बॉर्डर फिनटेक कनेक्टिविटी की नई शुरूआत की है।

### दोनों देशों के नागरिकों को मिला उपहार- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और सिंगापुर की मित्रता बहुत पुरानी है, समय की कसौटी पर हमेशा खरी उतरी है। हमारे लोगों से लोगों तक के रिश्ते इसका मुख्य आधार रहे हैं। उन्होंने आगे कहा UPI-Pay Now Link का लॉन्च आज दोनों देशों के नागरिकों के लिए एक ऐसा उपहार है, जिसका वे उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे।

### कोविड में करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए

पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की ही ताकत है कि कोविड के दौरान हम करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर कर पाए। 5 साल पहले मैंने सिंगापुर में ही कहा फिनटेक इनोवेशन और युवा ऊर्जा में विश्वास का बहुत बड़ा उत्सव है।

## अखिलेश ने कानपुर देहात अग्नि? कांड पर योगी सरकार को घेरा, शिवाजी जयंती मनाने पर विवाद



लखनऊ- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कानपुर अग्नि कांड मामले में ट्वीट कर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि, कानपुर देहात अग्निकांड के पीड़ित को अर्द्धनग्न करके प्रताड़ित करने का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा सरकार अब अपनी सफ़ाई में क्या कहेगी। जनता पूछ रही है, अधिकारियों के ऊपर बुलडोज़र कब चलेगा? भाजपा उत्पीड़न का पर्यायवाची बन गयी है।

### ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शिवाजी जयंती को लेकर विवाद

लखनऊ की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शिवाजी जयंती मनाने को लेकर विवाद का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में विश्वविद्यालय वार्डन डाक्टर आजम अंसारी ने छात्रों को शिवाजी जयंती मनाने रोक दिया। इतना ही नहीं वार्डन ने हास्टल परिसर से जबरन शिवाजी की फोटो भी हटवा दी।

### यूपी बजट सत्र का दूसरा दिन, विपक्ष ने काटा हंगामा

यूपी बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। आज भी सदन की कार्यवाही व?िपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई। सपा विधायकों ने आज भी सदन में हंगामा काटा। बता दें कि योगी आदित्यनाथ सरकार कल बजट पेश करेगी। सरकार करीब सात लाख करोड़ का बजट पेश कर सकती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## सपा से निष्कासित की गईं पूर्व प्रवक्ता ऋचा सिंह ने पार्टी पर कार्रवाई करने के लिए EC से लगाई गुहार



प्रयागराज- समाजवादी पार्टी से हाल ही में निष्कासित की गईं युवा नेत्री और इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह ने पार्टी के खिलाफ कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग से गुहार लगाई है। आयोग को मंगलवार को ई-मेल से भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि उनका निष्कासन पार्टी संविधान के अनुरूप नहीं है। पार्टी के संविधान में निष्कासन जैसी अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए तीन सदस्य कमेटी बनाने की बात है जो उनके मामले में नहीं की गई है।

### क्या है पूरा मामला

रामचरितमानस को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को लेकर ऋचा सिंह ने टिप्पणी की थी। सपा नेता डा. रोली तिवारी मिश्रा ने भी इस मामले में स्वामी प्रसाद का विरोध किया था। जिसके बाद दोनों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। रोली तिवारी सपा की पूर्व प्रवक्ता थी। उन्होंने अपने ट्विटर पर स्वामी प्रसाद मौर्य का वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा था, स्वामी प्रसाद का कहना है कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों को प्रतिबंधित करवाएंगे।

2012 में रोटी कपड़ा सस्ती हो दवा पढ़ाई मुफ्ती हो, इस नारे के साथ अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री बने थे। क्या मानस का मुद्दा लेकर सपा फिर से सरकार बना पाएगी? इससे पहले भी कई और ट्वीट के जरिए स्वामी को घेर चुकी थीं। वहीं, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष डा. ऋचा सिंह भी लगातार स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला बोल रही थीं। पूर्व मीडिया पैनलिस्ट ऋचा ने पार्टी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से धार्मिक व सांप्रदायिक मुद्दों पर बहस से बचने की सलाह दी थी। रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी को लेकर स्वामी प्रसाद लगातार निशाने पर रहे थे। ऋचा प्रयागराज के शहर पश्चिमी से भाजपा के सिद्धार्थ नाथ सिंह के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ चुकी हैं।

## पीएम मोदी के पिता पर टिप्पणी: अयोध्या के संत ने जताई नाराजगी, बोले- सभी कांग्रेसी गयासुद्दीन की संतानें



गोंडा पहुंचे अयोध्या की छोटी छावनी के उत्तराधिकारी महंत ने विवादित बयान देते हुए सभी कांग्रेस नेताओं को गयासुद्दीन की संतान बताया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर टिप्पणी करने वाले कांग्रेस के नेता मूर्ख हैं। सभी कांग्रेसी गयासुद्दीन की संतानें हैं, उनका कोई जाति-धर्म नहीं है।

धारा-30 की समाप्ति पर ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सकेगा। ये बातें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष और छोटी छावनी के पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपालदास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कही। जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए महंत ने सपा, कांग्रेस के अलावा ओमप्रकाश राजभर पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की ओर से प्रधानमंत्री के पिता पर की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध जताते हुए कहा कि कांग्रेसी राष्ट्र के हितैषी नहीं हो सकते। ये सब राष्ट्र विरोधी हैं। राष्ट्र के साथ जितना खिलवाड़ इन लोगों ने किया है उतना किसी ने नहीं किया है। यहां का रहने वाला मुसलमान जितना सुखी है संसार में कहीं भी नहीं सुखी है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी राष्ट्रविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इस समय राष्ट्र की चर्चा करना है, राष्ट्र है तो हम हैं और हमारी अस्मिता है। छतरपुर के बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के हिंदू राष्ट्र वाले बयान पर महंत ने जवाब दिया कि जब तक यह धारा 30 समाप्त नहीं होगी तब तक हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नहीं हो पाएगी। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर उन्होंने कहा कि उसकी तैयारी हो रही है। जब तक धारा 30 समाप्त नहीं होगी जनसंख्या नियंत्रण कानून भी नहीं बन पाएगा। रामराज की स्थापना के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ है।

## संपादकीय Editorial


# Opposition within opposition

Bihar Chief Minister Nitish Kumar has urged the Congress initiative for opposition unity. He claims that if the 2024 election is fought on the basis of a common BJP versus opposition candidate, the BJP may be reduced to 100 seats. We do not know what is the basis of Nitish's grandiose electoral calculations, but the Congress knows very well that such misunderstandings should not be allowed. However, Congress's chief spokesperson Jairam Ramesh has welcomed Nitish's request and appeal, but without taking names, has also taunted that some people participate in opposition meetings, have been continuously expressing concern for opposition unity, but they Have been sitting on the lap of the ruling party as well. More or less, the politics of the Congress is not such a hypocrite. The Congress has always been ideologically opposing the BJP. The Congress will discuss the opposition alliance during its Raipur national session and then decide on a strategy. Jairam Ramesh has made it clear not only to Nitish, but to all the opposition parties that no opposition unity can be successful without the Congress, so the opposition has to unite under the umbrella of the Congress. However, this is a dialogue between Nitish Kumar and the Congress, which may be just a hook for opposition unity. The scope of opposition is very wide. In fact, the Third Front which was formed earlier, remained alive only on the support of the Congress. The Congress withdrew support and the government collapsed. However, the politics of those fronts was more or less based around the resolution and the interest of the country. The opposition front that may take shape today will not be a total mobilization. There will be no national front either. At the state level, alliances can be made as per convenience.

The prospects of the National Front are bleak because there is opposition within the opposition. Take the example of the recent Tripura elections, on the one hand there was an alliance between the Left and the Congress, while the Trinamool Congress remained in 'Election Summer' in opposition to them. Parallel to this, Left Front and Congress Front will be face to face in Kerala. The direction and condition of opposition unity is different in the states of Andhra Pradesh, Telangana, Odisha, Bengal etc. There are many leaders who have ambitions of becoming the Prime Minister. It is a matter of fact that their acceptance outside their states is 'zero'. Now Kejriwal's Aam Aadmi Party (AAP) is working on a strategy to contest all the seats in the states of MP, Chhattisgarh, Rajasthan, Karnataka and Mizoram. This politics is completely opposite to the opposition intentions of Congress and Nitish. In fact, there have been many statements of opposition unity, but efforts are not being made, while the general elections are about 15 months away. This is not a lot of time in terms of elections. The Congress is engrossed in daydreaming of joining hands across the country. It feels that the impact and experiment of Rahul Gandhi's visit has been extremely successful, whereas the reality is that it is facing an irresistible challenge from Prime Minister Modi and it will take a long time for the scattered Congress to counter the BJP with an organized and trained cadre. ! The electoral reality is also that the Congress does not have a single MP in 17 states of the country. There are only 2 MLAs in UP and only Sonia Gandhi is the MP. In such a situation, how will there be an alliance with SP-BSP?

# Neha Kakkar will return as a judge on the stage of Indian Idol, because of this she left the show midway

Neha Kakkar was seen as a judge in Indian Idol 13 since the beginning of the show. But in between he had to leave the show and now it is being said that he is ready to return to the show. Viewers are very fond of Sony TV's famous singing show Indian Idol 13. The contestants of the show have been entertaining the audience for the past several months with their one to one performances. Apart from the performance of the contestants in the show, the judges also make people laugh a lot. Everyone enjoys the fun of the judges, but some people are missing Neha Kakkar in the show. In such a situation, news is now coming that soon



Neha is going to return to her judge's chair again. Will return next week - Neha Kakkar was seen as a judge in Indian Idol 13 since the beginning of the show. Her pairing with Himesh Reshammiya and Vishal Dadlani was being well-liked in the show. Neha was seen in the success party of the show on the occasion of New Year, but after that she did not appear in any episode. In such a situation, people were missing Neha. According to media reports, Neha is going to return to the show as a judge from next week. That's why she left the show. Neha Kakkar had distanced herself from the stage of Indian Idol due to her commitments. But now Neha is ready to return to the show again. Let us tell you that even in season 12, Neha left the show midway due to work, after which her sister Sonu Kakkar took over as judge.Talking about Neha Kakkar's singing career, she started her career by participating in Indian Idol season 2 as a contestant. Neha could not win the trophy of the show, but gradually her popularity increased due to her work in the industry. In such a situation, when Neha became the judge of Indian Idol, she surprised everyone. Neha has sung many superhit songs including Kala Chashma, Dilbar, Saki Saki.

# Kangana told Bollywood Awards a 'big fraud', said - according to me, she should be the winner


Kangana Ranaut is called the 'Queen' of Bollywood. The actress has won many awards by giving one to one brilliant films to the cinema industry. Even at this time, the actress is busy with her upcoming projects. While on one hand she is making headlines for her upcoming film 'Emergency', on the other hand she is also in news for cursing the fabric of Bollywood. While Kangana held an #AskKangana session on Twitter yesterday, this morning the actress took a jibe at the nepo mafia and praised several actors including Rishabh Shetty and Mrunal Thakur. Kangana Ranaut is seen in her same old attitude since her comeback on Twitter last days. Bollywood queens are tweeting on the coming days, taking one or the other on their target. Where Kagna held an




Ask Kangana session to compete with Shah Rukh Khan's Ask SRK session on the previous day, today Kangana has once again targeted the star kids of Bollywood. The reason behind targeting the star kids of Bollywood today is the Dadasaheb Phalke Awards held last night. Actually, it is the award season now and Kangana believes that all the awards will be won by the non-star kids artists from the star kids. In such a situation, Kangana has given a list on Twitter, in which she has included those artists who according to her should get the award. Kangana wrote in her tweet, 'The season of awards has come and the Napo mafia is again snatching all the awards from deserving talents. Here is a list of some of the people who displayed great artistic talent last year and owned the year 2022. 'Continuing her tweet, Kangana writes,' Bolly Awards is a big hoax...when I If I get some time from my busy schedule, I will make a list of all those who I think are deserving... Thank you.''The list shared by Kangana is as follows: Artist Name- Best Actor Rishabh Shetty ( Kantara) Best Actress Mrunal Thakur (Seetha Ramam) Best Director SS Rajamouli (RRR) Best Supporting Actor Anupam Kher (The Kashmir Files) Best Supporting Actress Tabu (Drishyam 2, Bhool Bhulaiya 2) Kangana had kept an Ask Kangana (#askangana) session on social media for her fans on the previous day. Through this session, the actress gave funny answers to the questions asked by her fans. In the #askangana session, her fans asked questions ranging from her films to personal life, to which Kangana answered very interestingly.


# Aditi-Siddharth: Shame on eyelids and style in gait... What does Aditi-Siddharth's 'lunch date' say after all?

Amidst dating rumours, Aditi and Siddharth have been spotted together several times. They are also often seen commenting on each other's posts. Something similar happened today as well. Aditi Rao Hydari and Siddharth are currently one of the most talked about rumored couples in B-Town. These days Aditi and Siddharth's relationship is discussed everywhere from social media to media gatherings. Though the two have remained tight-lipped about their relationship, their Instagram posts for each other tell a different story. Not only this, both are often spotted with each other. Recently once again both were seen having lunch at a restaurant in Mumbai. This video of him is becoming increasingly viral on social media. Video of Aditi Rao Hydari and Siddharth stepping out of a cafe is going viral on Instagram. In the viral video, the two were seen posing for a photograph after being seen exiting a cafe. While Aditi is posing for the paparazzi, Sidharth can be seen sitting in the car. Let me tell you, both have been in a relationship for a long time. Aditi Rao Hydari was wearing a pink shirt and track pants on her lunch date with Siddharth, in which she was looking very beautiful. Along with this, Siddharth was wearing a gray T-shirt and blue jeans. Fans have become very curious after watching this video of both. During the first look launch of the web series 'Hiramandi', the rumors of Aditi Rao Hydari dating Siddharth were also questioned. A reporter questioned Aditi about her and Siddharth's dating. On which Aditi avoided the matter and said that she is going to eat something as she is hungry. The two have been seen together several times amid dating rumours. They are also often seen commenting on each other's posts. Apart from this, the fans also like the pairing of both. According to the reports, the story of both started with the film Mahasamudram. However, amidst these rumors of dating, Aditi and Siddharth have not given any confirmation about it.





## जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों एवं मानीटरिंग सैल का किया निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर पारकर इण्टर कालेज, जी0जी0 हिन्दू इण्टर कालेज एवं एस0एस0 इण्टर कालेज तथा आर0एन0 इण्टर कालेज एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड 2023 मानीटरिंग सैल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने आज हाईस्कूल के गणित प्रश्नपत्र के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर हो रही बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रातः से ही सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्टेऊट भ्रमणशील है और सभी 113 परीक्षा केन्द्रों पर कुशलतापूर्वक बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न हो रही हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति एवं नकल की भी कोई सूचना नही है। आगे भी बोर्ड परीक्षाओं हेतु पूरी व्यवस्था मुकम्मल है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल लगाया गया है और जितने भी परीक्षा केन्द्र पर स्ट्रांग रुम बनाये गये हैं

उनकी निगरानी की भी बेहतर व्यवस्था की गयी है। आज जिलाधिकारी ने स्वयं भी मानीटरिंग सैल का निरीक्षण कर वहां से गतिविधियों का जायजा लिया। मानीटरिंग सैल से बोर्ड परीक्षाओं की सारी एक्टिविटी पर नजर रखी जा रही है, परीक्षा शासन की मंशानुरुप बहुत ही बेहतर ढंग से करायी जा रही है।

## जलभराव और गंदगी की भरमार, कैसे हों गलियां पार



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-सफाई के प्रति नगर पालिका की अनदेखी शहर के लोगों को भारी पड़ रही है। नाले नालियां चौक होने के साथ गलियों में जलभराव बना होने से लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं गलियों के कोनों और प्लॉट में गंदगी बिखरी पड़ी होने से बदबू और मच्छर फैल रहे है। मोहल्ला शांति नगर की मुख्य मार्ग पर अंधी मोड़ से लेकर केशव सरस्वती स्कूल तक कई वर्षों से जलभराव की स्थाई समस्या बनी हुई है। साथ ही पूर्व पालिकाध्यक्ष कंचन गुप्ता अडंगा के आवास वाली मार्ग सहित आसपास की अधिकाशं गलियों की जल निकासी बाधित होने से नालियों का पानी भरा हुआ है। इसके चलते स्थानीय बाशिंदों के साथ मोहल्ले से होकर गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों को प्रतिदिन जलभराव के साथ दलदल और फिसलन की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं घरों कैद बने हुए है। इतना ही नहीं जलभराव बना रहने से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी काफी अधिक बना हुआ है। गली के कोने बने खत्ताघर अधिकांश प्लॉट और गलियों के कोनों में लोगों ने कूड़ा डालना शुरू कर दिया है। इसके कारण मोहल्ले की सूरत बदहाल बनी हुई है। गली मोहल्लों के कोनों पर जगह-जगह फेंके गए कचरे को पालिका कर्मी प्रतिदिन साफ नहीं कर रहे हैं, जिससे समस्या और भी अधिक बढ़ गई है। शांति नगर के मुख्य मार्ग पर जलभराव से राहगीरों को परेशानी हो रही है। नगर पालिका ने वर्ष 2015 में ठंडी सड़क वाले काली मंदिर से लेकर शांति नगर के छोटे काली मंदिर तक सड़क का निर्माण कराया था। बाद में सीवरेज शुरू हुआ। कार्य कराने वाले पेटी ठेकेदारों ने अंधी मोड से केशव सरस्वती स्कूल तक सीवर लाइन खुदाई के दौरान गली की मिट्टी बेच कर सड़क को नीचा कर सड़क पर ईंट बिछवा दी। इससे सड़क नीची हो गई है। यही कारण है कि शांति नगर में जलभराव हो रहा है। इसकी शिकायत कईबार जल निगम अधिकारियों से की गई है। कुछ नहीं हुआ अब डीएम से शिकायत की जाएगी।- मीरा गांधी, पालिकाध्यक्ष एटा

## रिहानउद्दीन हत्याकांड का खुलासा: मकान के विवाद में की गई थी किसान की हत्या, चचेरे-तहेरे भाई समेत तीन गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद-मुरादाबाद के भोजपुर निवासी किसान रिहानउद्दीन की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मकान खाली कराने के विवाद में हत्या की थी। मुरादाबाद के भोजपुर निवासी किसान रिहानउद्दीन की हत्या मकान खाली कराने के विवाद में की गई थी। सोमवार को पुलिस ने किसान के किरायेदार आदिल और उसके चचेरे भाई अलीम व एक अन्य नाहिद को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। केस में नामजद किए गए आरोपियों में आदिल शामिल है। हत्यारोपियों ने पुलिस पूछताछ में हत्याकांड को अंजाम देने की बात कबूली है। एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि भगतपुर थाना इलाके के निवाड़खास गांव के जंगल में 17 फरवरी को भोजपुर के जमीदारान मोहल्ला निवासी किसान रिहानउद्दीन ( 53 ) का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला था कि हत्यारोपियों ने बाइक का पहिया उनके सीने पर चढ़ाया और ईंट से सिर कुचल दिया था जबकि पायजामे के नाड़े से उनका गला भी घोंटा गया था। रिहानउद्दीन के भाई कमरुद्दीन ने इस मामले में नईमुद्दीन, उसके बेटे अरबाजउद्दीन, कामिल रफी, सईद , इरफान, आदिल पुत्र खलील समेत तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले में नामजद आरोपी



आदिल और भगतपुर के मल्हूपुरा निवासी अलीम बेग और नाहिद के नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर तीनों ने जुर्म कबूला है। आरोपी आदिल ने बताया कि वह रिहानउद्दीन के मकान में दस साल से किराये पर रह रहे हैं। अब रिहानउद्दीन मकान खाली करने को कह रहे थे। उन्हें मकान के 15 लाख रुपये देने के लिए भी कहा गया, लेकिन उन्होंने रुपये लेने से इनकार कर दिया था। तब आरोपी आदिल ने पंद्रह लाख रुपये अलीम बेग और नाहिद को देने के लिए कहा। इसके बाद तीनों ने योजना बनाकर किसान को बातचीत करने के बहाने अपने पास जंगल में बुला लिया और हत्या कर दी गई थी। इसके बाद शव फेंक कर मौके से भाग गए थे। एसपी देहात संदीप मीना ने बताया कि तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## इंटर के छात्र ने फंदे पर लटक कर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद-सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मुरादाबाद सिविल लाइंस थानक्षेत्र के दीन दयाल नगर में सोमवार रात इंटर के छात्र अक्षित चौहान ने फंदे लटककर जान दे दी। परिजन जिंदगी की आस में उसे लेकर कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र के पिता आशीष चौहान पीतल कारोबारी हैं। अक्षित चौहान( 18 ) 12वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार रात अक्षित घर मे ही फंदे पर लटक गया। परिजनों की नजर पड़ी तो

उसे नीचे उतारा और कॉसमॉस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है।

## सहावर मार्ग परफिर भयानक एक्सीडेंट हुआ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-सहावर मार्ग पर आम रोड स्थित स्वर्गीय श्री ओंकार सिंह विधायक जी का गांव नगला गुलरिया राम रोड स्थित है आज एवं प्रति रोज एक्सीडेंट होते हैं माननीय सांसद श्री राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया जी को ज्ञापन के द्वार पर अवगत कराया गया है

अमापुर से काली नदी पुल तक चौड़ीकरण के संबंध में फिर भी यहां की जनता आए दिन शिकार आज भी भयानक एक्सीडेंट हुआ रोड का चौड़ीकरण ना होने के कारण यह तीनों व्यक्ति बुरी तरह से घायल हैं के उत्तर प्रदेश सरकार की 108 सेवा की गाड़ी अमापुर हॉस्पिटल में



खड़ी थी कॉल करने के बाद भी इंतजार कर रहे थे मैंने उनको काफी लताड़ा उसके बाद वह गए कहा कि भैया जी आपको इंफॉर्मेशन नहीं हुई है क्या तब कहीं जाकर उन्होंने अपनी गाड़ी में सेल्फ लगाया मुझे बहुत खेद है आज यहां की जनता बहुत परेशान मैं निवेदन करता हूं अमापुर से काली नदी पुल तक चौड़ीकरण एवं नगला गुलरिया पर दो स्पीड ब्रेकर स्वीकृत कराने की कृपा करें मैं जिलाधिकारी महोदय से भी निवेदन करता हूं आम जनता की आवाज को संज्ञान में लेते हुए तत्कालीन निवारण करने की अनुमति प्रदान करें 101 अमापुर विधानसभा मैं आपका अपना बेटा कौशल किशोर लोधी नगला गुलरिया अमापुर यदि यहां की जनता का ख्याल होता माननीय सांसद जी को तो शायद यह दुर्घटना आज नहीं होती

## जिले के चार कांग्रेसियों को मिली एआईसीसी में जगह

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद-जिले के चार कांग्रेसियों को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ( एआईसीसी ) में जगह मिली है। पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर, पूर्व महानगर अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, असद मौलाई, फूल कुंवर को एआईसीसी मेंबर बनाया गया है। एआईसीसी मेंबर के लिए जिले से 12 पीसीसी ( प्रदेश कांग्रेस कमेटी ) मेंबरों की सूची भेज गई थी।

कांग्रेस ने एआईसीसी मेंबरों की सूची जारी कर दी। मेंबरों की सूची में मंडल के दिग्गज कांग्रेसियों के साथ नए चेहरों को भी मौका मिला है। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद और महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने 12 पीसीसी मेंबरों के नाम केंद्रीय कांग्रेस कमेटी को भेजा था। इसमें तीन मेंबरों को एआईसीसी में शामिल किया गया। इसमें विनोद गुंबर, रिजवान कुरैशी और असद मौलाई शामिल है। वहीं पूर्व विधायक फूल कुंवर को एआईसीसी का नामित मेंबर बनाया गया है। एआईसीसी मेंबरों के चयन में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की नहीं चली। दिल्ली के नेताओं के संपर्क में रहने वाले एआईसीसी में जगह बनाने सफल हुए हैं।

### ये हैं पीसीसी मेंबर

विनोद गुंबर, रिजवान कुरैशी, असद मौलाई, देशराज शर्मा, अजय सारस्वत सोनी, अफजल साबरी, आनंद मोहन गुप्ता, सचिन प्रेमी, सैफुल्लाह चौधरी, दरक्षा बेगम, महक वारसी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## बारातियों से भरी मिनी बस बनी आग का गोला, खिड़की का सीसा तोड़ कूदकर बचाई जान



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़- अलीगढ़ में नानऊ स्थित ओवर ब्रिज पर बारातियों से भरी मिनी बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार बारातियों ने खिड़की के सीसे तोड़कर उसमें से कूदक अपनी जान बचाई।

बस जलकर खाक हो गई। खुर्जा से बारात लेकर एटा के कस्बा धुमरी जा रही मिनी बस में नानऊ स्थित ओवर ब्रिज पर चलते-चलते अचानक बस में आग लग गई। तभी बराबर में चल रहे एक कार सवार ने बस में आग लगने की जानकारी बस में बैठे लोगों को दी। जिससे बरातियों में भगदड़ मच गई। शीशा, खिड़की तोड़कर कूदकर बस से बाहर निकले। सूचना के बाद इलाका पुलिस और दमकल टीम पहुंची। पुलिस ने फिलहाल रोड को दोनों ओर से रोक दिया। फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया है। बताया जा रहा है कि बस में 60 बाराती थे। घटना में सभी बाराती सकुशल हैं।

## महिला संग शराब पीकर बनाए संबंध, फिर किशोरी से किया दुष्कर्म; बहला-फुसलाकर लाई थी साथ, गिरफ्तार

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़- गांधी पार्क थाना क्षेत्र के एक इलाके की किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला व उसके साथी को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, महिला व उसके साथी ने साथ में शराब पी और संबंध बनाए थे। इसके बाद आरोपी ने किशोरी से भी दुष्कर्म किया था। गांधीपार्क थाना क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी शाम सात बजे सब्जी लेने गई थी। तभी मोहल्ले की महिला उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। स्वजन किशोरी की तलाश में लगे थे। आसपास के लोगों से महिला के बारे में पता चला। स्वजन ने महिला को फोन किया तो उसने किशोरी के बारे में कुछ नहीं बताया, बल्कि देर रात दो बजे उसे घर छोड़ गई। इसके बाद लोगों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया था। किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा पंजीकृत किया। किशोरी के मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा बढ़ाई गई। इसके बाद महिला व उसके साथी तालसपुर निवासी रामस्नेही को गिरफ्तार कर लिया गया। रामस्नेही हलवाई है। आरोपितों ने बताया कि महिला नुमाइश दिखाने के बहाने किशोरी को साथ लाई थी। रास्ते में रामस्नेही बाइक लेकर मिल गया। रसलगंज से रामस्नेही ने शराब खरीदी। इसके बाद नई बस्ती में एक प्लाट में पहुंचे। वहां महिला व रामस्नेही ने शराब पी। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान रामस्नेही ने किशोरी के साथ भी दुष्कर्म किया। एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि महिला व आरोपित ने शराब पी थी। मेडिकल में किशोरी को शराब पिलाने की पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट में किशोरी से दुष्कर्म की पुष्टि हुई। दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। **रुपये लाने की बात कहकर चला गया था आरोपित**- पुलिस के मुताबिक, संबंध बनाने के बाद महिला ने आरोपी से रुपये मांगे। इस पर उसने बताया कि 300 रुपये लाया था। 200 की शराब ले ली। 100 रुपये का पेट्रोल डलवा लिया। इस पर दोनों में विवाद हो गया। आरोपित रुपये लाने की बात कहकर चला गया था। महिला पर चोरी के दो मुकदमे भी पंजीकृत हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर। भव्य कलश यात्रा के साथ ग्राम पंचायत पर्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के बगल में 20 से 28 फरवरी तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया है।

कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा शाम 3 बजे से राधेकृपा तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ता के रूप में भागवत यज्ञाचार्य श्रद्देय पंडित रामायण प्रसाद मिश्रा महाराज बृंदावन वाले हैं। जिसमें 20 से 28 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमें 21 तारीख को सुखागमन, परीक्षित जन्म वर्णन 22 को कपिलोख्यान, सतीचरित्र, धुर्व, भरत चरित्र 23 को समुद्र मंथन अजामिल की कथा, नरसिंह एवं प्रहलाद वर्णन 24 को वामन चरित्र, सूर्यवंस रघुवंश वर्णन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव 25 को बाल लीला, माखन चोर लीला, गोवर्धन पुजा, रूकमणी विवाह 26 को सुदामा चरित्र 27 को सुखदेव मुनि की कथा, भागवत के संपूर्ण कथा, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्री 28 को गीता पाठ, तुलसी वर्षा ,हवन, सहस्त्रतधारा, पूर्णाहुति, भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रतिदिन सायंकालीन भंडारा आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम के आयोजक समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पर्री एवं समस्त नगरवासी व क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है।

# महाशिवरात्रि मेला पर हजारों श्रद्धालुओं ने भोडिया बाबा प्राकृतिक शिव लिंग मे किया जलाभिषेक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-ओड़गी- महा शिवरात्रि के अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय ओडगी से लगा बिहारपुर मार्ग स्थित भोडिया बाबा धाम में सुबह से लेकर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा 360 सीढी चढ़कर बाबा का मत्था टेका इस अवसर पर भोडिया बाबा विकास समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया था, इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा दोपहर से लेकर शाम तक भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया तो वही समिति के द्वारा पंडित लल्लू राजा का भक्ति मय भजन कार्यक्रम आयोजित कराया गया , इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा मत्था टेक कर जगराते का आनंद लिए , कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने अन्य साथियों के साथ बाबा धाम पहुंचकर मत्था टेका एवं समतलीकरण के लिए 5 लाख का घोषणा किया गया , तथा जनपद उपाध्यक्ष श्री शिवबालक राम यादव द्वारा मेला परिसर मे सामुदायिक शौचालय बनवाने का घोषणा किया गया , रात्रि मे श्री राम चरित्र मानस गायन वादन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया , प्रतियोगिता में पंजीकृत 40 मण्डली मे से 32 मण्डलियां कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें बाल ,बालिका ,महिला व मानस मंडलियो को अलग-अलग प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार तथा सभी मण्डलियो को सान्त्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया

इसमें प्रज्ञा महिला मंडली प्रथम स्थान पर रही तो वही जागृति महिला मंडली खोड द्वितीय स्थान पर शिव संदेश महिला मंडली तीसरे स्थान पर रही वही मानस मंडली मे मातेश्वरी मानस मंडली इंदरपुर को प्रथम , मानस मंडली गिरिजापुर कोरिया द्वितीय तथा ओम कालेश्वर मानस मंडली गंगौली को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, मंडलियों के द्वारा अद्भुत कला एवं भजन से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया,वहीं आयोजन समिति द्वारा पुष्प वर्षा के साथ होली भी मनाया गया, निर्णायक मण्डल मे श्री ददई राम कुशवाहा, रामभरोष देवांगन, शिवबालक राम यादव, हरिनारायण दुबे, निवासचंद्र कुशवाहा, भुनेश्वर यादव, जगदेव राम, हिमेन्द्र गुर्जर , कपिल देव राजवाडे, ओमप्रकाश राजवाडे, शामिल रहे , तथा आयोजन मे श्री धरमप्रसाद राजवाडे, दानी प्रसाद पाण्डेय, कुलदीप राजवाडे, अवध प्रजापति , परमेश्वर राजवाडे, रामपाल राजवाडे, नारेन्द्र राजवाडे, असीकेवल,ओमप्रकाश, देवसाय , धनेश्वर राजवाडे, उमेश राजवाडे आदि सक्रीय रहे, मेले मे हिन्दू वाहिनी के सदस्य शशांक प्रताप सिंह, मोहन राजवाडे, जय मंगल राजवाडे, अंशू पाण्डेय, सतीश राजवाडे, जितेन्द्र किस्पोट्टा, पिंकू राजवाडे, अविनाश गुर्जर , चंद्रभान राजवाडे द्वारा हलवा प्रसाद का वितरण किया गया,

वहीं विशाल भण्डारे मे विगन राजवाडे, रूद्र राजवाडे, रूपलाल राजवाडे, देवशरण, भिखू राम , चंदन, सत्यनारायण राजवाडे सहित सभी ग्राम वासियों ने सहयोग प्रदान किया, तथा कार्यक्रम का संचालन प्रदीप द्विवेदी के द्वारा किया गया,

# इंस्पेक्टर क्राइम करेंगे किशोरी के आत्महत्या प्रकरण की जांच, चार पुलिसकर्मी पर मुकदमा

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ के विजयगढ़ थाने की बिल्डिंग के दूसरे माले से किशोरी द्वारा छलांग लगाकर आत्महत्या करने के मामले में विवेचना अब इंस्पेक्टर क्राइम को सौंपी गई है। संबंधित थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर, मुकदमा विवेचक व महिला आरक्षी इसमें आरोपी हैं। इसलिए यह विवेचना दूसरे थाने को दी गई है। सोमवार को विवेचना सौंपे जाने की औपचारिकता पूर्ण की गई। साथ में इस मामले में हाईकोर्ट में भी जवाब दाखिल कर अब तक की कार्रवाई से अवगत कराया गया है। मई 2022 का मामला है, पुलिस बहला-फुसलाकर ले जाई गई किशोरी को पिलुआ एटा से बरामद कर लाई थी। हालांकि बरामद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के बाद वन स्टॉप सेंटर में ही रखना था। मगर उसे थाने में ही महिला सिपाही शिखा की सुपुर्दगी में रखा गया। इसी बीच उसने छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर हुई। इसी आधार पर एसपी देहात व मजिस्ट्रेट द्वारा की गई जांच में तत्कालीन इंस्पेक्टर दयानारायण त्रिपाठी, विवेचक बद्रीराम और महिला आरक्षी शिखा व एक अन्य को दोषी पाया गया। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर अब इन पर मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें किशोरी को अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप है। इस मुकदमे की विवेचना अब इंस्पेक्टर क्राइम अरविंद राठी को सौंपी गई है। साथ में चारों आरोपियों को लाइन हाजिर कर अब तक हुई कार्रवाई से हाईकोर्ट को अवगत कराया गया है। एसपी देहात पलाश बंसल ने विवेचना क्राइम इंस्पेक्टर को दिए जाने की पुष्टि की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्कूल रोड हुआ जर्जर कई बार हो चुके हैं दुर्घटना


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-ओड़गी - ग्राम पंचायत कालामांजन स्थित मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल, आत्मानंद स्कूल, शिशु मंदिर स्कूल, हाउसिंग बोर्ड स्थित रोड पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है कई बार दुर्घटना भी हो चुका है जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों पहले सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया था परंतु किस विभाग से निर्माण कराया गया है इसका आज तक ग्रामीण जनों को जानकारी नहीं है इसका कारण यह है कि निर्माण तो कई वर्षों पहले करा दी गई थी परंतु निर्माण किस विभाग से कराया गया उसका बोर्ड नहीं लगाया गया है विभिन्न स्कूलों के बच्चों को पहुंचाने के लिए उनके माता-पिता पहुंचते हैं एवं विभिन्न विभाग के कर्मचारी भी हाउसिंग बोर्ड में रहते हैं परंतु किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने उस रोड के लिए पहल नहीं किया , अब स्थिति यह हो गई है कि रोड में लोग मजबूरन बस आना-जाना कर रहे हैं मुख्यालय से लगा हुआ ग्राम पंचायत है इसके बाद भी उच्च अधिकारी इस और पहल करते नहीं दिख रहे हैं इसको लेकर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष संतोष सिंह के द्वारा बताया गया है समाधान नहीं होता है तो समस्त ग्रामीण जन अभिभावक जन के उपस्थिति में चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे वही आत्मानंद के अभिभावक मोहन राजवाड़े के द्वारा बताया गया कि स्कूल के समय इतने अधिक संख्या में भीड़ हो जाती है जिससे छोटे-छोटे बच्चे एवं बच्चियों को लाने ले जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसको लेकर कई बार हम लोग के द्वारा विद्यालय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से रोड की मरम्मत कराने की मांग की जा की जा चुकी है परंतु आज तक रोड जैसा का तैसा बना हुआ है । इस संबंध में ग्राम पंचायत कालामांजन के सरपंच से जब पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े को इसके बारे में अवगत कराया गया था उनके द्वारा 500000 का सीसी रोड निर्माण कार्य कराने का बात कहां गया था परंतु आज तक लिखित आदेश ना आने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है- शांता सिंह सरपंच कालामांजन

# ट्रेक्टर ने बिक्की में मारी टक्कर, दो भाईयों की मौत, एक घायल

सचिन ठाकुर ( निक्की )
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच





अलीगढ़- अलीगढ़ में गंगीरी के भिलेट राम नगर निवासी 10 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र गणेश, 14 वर्षीय छोटे लाल पुत्र भीमसेन और रणजीत पुत्र सन्तोष बिक्की पर गांव से दोपहर 2 बजे के करीब तेहरा मोड़ पर कुछ समान लेने जा रहे थे। तभी रेता से भरे ट्रेक्टर ने रौंद दिया और वहां से चला गया। तीन भाई एक बिक्की पर सवार होकर सामान लेने जा रहे थे, तभी एक रेता से भरे ट्रेक्टर ने बिक्की को टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।अलीगढ़ में गंगीरी के भिलेट राम नगर निवासी 10 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र गणेश, 14 वर्षीय छोटे लाल पुत्र भीमसेन और रणजीत पुत्र सन्तोष बिक्की पर गांव से दोपहर 2 बजे के करीब तेहरा मोड़ पर कुछ समान लेने जा रहे थे। तभी रेता से भरे ट्रेक्टर ने रौंद दिया और वहां से चला गया। दोनों बच्चों रोहित और छोटे लाल की मौके पर ही मौत हो गई और रणजीत घायल हो गया। दो बच्चों के मौत की खबर पर गा्ंव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने तेहरा मोड से बरला को जाने वाले रोड पर जाम लगाया। गांव के लोग शवों को उठने नहीं दे रहे थे, ग्रामीण टक्कर मारकर भागे ट्रेक्टर को पकड़ने की मांग पर अड़े रहे।

# मुरम के जगह डाल दी जा रही लाल मिट्टी जिसमें नहीं दे रहे अधिकारि ध्यान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-सूरजपुर जिले के ओड़गी बिहारपुर में भारत की सबसे लम्बी प्रधानमंत्री सड़क का कीर्तिमान स्थापित करने वाले ओड़गी से नावाटोला* प्रधानमंत्री सड़क योजना का कार्य चल रहा है जो कार्य समाप्त की ओर चल रहा है जो इन दिनों जोरों शोरों से सड़क किनारे मुरम डालने का कार्य चल रहा है जिसमें काफी लिपा पोती व अनियमितताएं बरती जा रही है एवं पुरे सड़क में मिट्टी डाली जा रही है मुरम का नामोनिशान नहीं है। इन दिनों प्रधानमंत्री सड़क का कार्य पट्टी बनाने का कार्य प्रगति पर है जो बने सड़क किनारे मुरम डालना उस जगह पर लाल मिट्टी डाल दी जा रही जो किसके मार्गदर्शन में हो रहा है जो समझ से परे है ।जब मुरम के लिए दाम दिया जा रहा है तो सड़क में मुरम डाला जाए । यह कैसा प्रधानमंत्री सड़क बन रहा है जो एक तरफ से बन रहा है तो वहीं दूसरी ओर उखड़ते जा रहा है ऐसा घटिया सामग्री लगाई जा रही है या तो फिर संबंधित अधिकारीयों का ध्यान आकर्षित नहीं है कुछ ना कुछ तो कारण है जो स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।पुरी तरिके से अनियमितताएं है जो पुरी तरिके से भ्रष्ट है।इसी सड़क के बिहारपुर चौक में ठेला गुमती लगाकर पुरी तरह से कब्जा पर रखें हैं जो मुरम डालने का कार्य बाधित है। वन विभाग की मिट्टी को खोद कर बगल में डाल दी जा रही है जिसमें फारेस्ट विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा है

# तालाब की जमीन पर दबंगों का कब्जा

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत कुंडा के मजरा दमोदरा गांव में तीन तालाब बना हुआ है। जिसमें गाठा संख्या 393 ख / 0.227 हेयर में एक तालाब अवैध कब्जा दबँगाई ने कर रखा है। और तालाब के किनारे रह रहे साबित राम पुत्र राम चंद्र ने रातो रात 1 पेड़ शीशम और 1गुलर के पुराना पेड़ को काटकर गिरा दिया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला को दिया। और कार्यवाही करने के लिए नयाब तहसीलदार जमुनहा सुभम तिवारी व हलका लेखपाल रामपाल यादव अन्य राजस्व की टीम के पहुंचने पर पैमाइस करने लगे। गांव में जल निकासी तालाबों में न होकर सड़को पर जलभराव होने से अवैध कब्जा तालाब के चारो ओर किये हुए दबंगाइयों ने कर रखा है। वही नायब तहसीलदार जमुनहा ने सभी अवैध कब्जाधरियो को तीन दिन तक अवैध कब्जा को हटवा ले नही तो तीन के बाद धारा 67 के तहत बेदखली की कार्यवाही करते हुए जेसीबी से कब्जा किये हुए लोगो को हटाया जायेगा।

# बाइक रिपेयरिग की दुकान में लगी आग, स्पेयर पार्ट जलकर हुआ राख

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- गिलौला थानान्तर्गत ग्राम अलीनगर में बीती रात मोटर साइकिल रिपेयरिग की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें दुकान सहित अंदर रखा स्पेयर पार्ट जल गया। दुकान मालिक ने करीब डेढ़ लाख के नुकसान की बात कही आपको बता दें कि थाना गिलौला अंतर्गत ग्राम अलीनगर चौराहे पर रकीब पुत्र सत्तार अली की मोटर साइकिल रिपेयरिंग वा पार्ट की दुकान खोले हुए हैं। रात वह दुकान बंद करके घर चले गए।

अचानक उनकी दुकान में आग लग गई। थोड़ी देर में अंदर रखी कीमती पार्ट एवं अन्य सामान जलने लगे। रात के अंधेरे में जब तेज धुआं और फिर आग के शोले निकलना शुरू हुए तो फिर आसपास के लोगों की आंखें खुली, हर कोई घटना स्थल की ओर दौड़े, देखा तो दुकान धू धू करके जल रही है। चूंकि अंदर मोबिल आदि रखी थी, इसलिए आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान स्वामी को सूचना देने के साथ हर कोई आग बुझाने के प्रयास में जुट गया, भरसक कोशिशों के बाद आग तो बुझा ली गई, परंतु तब तक अंदर रखा सामान जल चुका था। दुकानदार के अनुसार दुकान के अंदर रखा है मोबिल व बहुत सारे कीमती पार्ट जल गए, जो अब किसी काम के नहीं है। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लोगों के लिये है वरदान-जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि ''आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' लोगों के लिये वरदान है। इसके तहत हर लाभार्थी को मुफ्त स्वास्थ्य इलाज हेतु आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाया जाता है। इस योजना का लाभ निम्न आय वर्ग के लोग ले सकते हैं। उन्होने बताया है कि प्रधानमंत्री जन अयोग्य योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। इस योजना में दवाई की लागत, चिकित्सा आदि का खर्चा सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। इस योजना में लगभग 1350 बीमारियों को शामिल किया गया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को किसी भी प्रकार से पैसे देने की जरूरत नहीं है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के पंजीकरण के 10 से 15 दिनों के बाद लाभार्थी को नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जन सेवा केन्द्र द्वारा गोल्डेन कार्ड मिल जायेगा। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वालों के लिए पात्रता हेतु कच्चा मकान,भूमिहीन व्यक्ति, और दिहाड़ी मजदूर करने वाले इस योजना के लिए आवेदन कर सकते है। इसके इलावा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले दान या भीख मांगने वाले, बेघर व्यक्ति, निराश्रित, आदिवासी अन्य पात्र व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना के लिए आवेदन कर सकते है। शहरी क्षेत्र में पेंटर, वेल्डर, कंस्ट्रक्शन साईट पर काम करने वाले मजदूर, राजमिस्त्री, प्लंबर, कुली, सिक्योरिटी गार्ड, भार ढोने वाले मजदूर, भिक्षु, घरेलू काम करने वाले, कूड़ा बीनने वाले, रेहड़ी-पटरी दुकानदार, सड़क पर काम करने वाले, मोची, फेरी वाले, हेंडीक्राफ्ट का काम करने वाले, टेलर, स्वीपर, ड्राईवर, दुकान पर काम करने वाले, रिक्शा चालक, आदि पीएम जन आरोग्य योजना का लाभ ले सकते है।उन्होने बताया कि आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु आवेदक द्वारा अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर आदि लेकर जन सुविधा केन्द्र पर पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इसके अलावा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लाभार्थी, समस्त अन्त्योदय कार्ड धारक, चिन्हित श्रमिक लाभार्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड,प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री का पत्र, श्रमिक कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन एवं जन सेवा केन्द्रों पर जाकर अपनी पात्रता चेक करवाते हुए अपना आयुष्मान कार्ड/गोल्डेन कार्ड बनवा सकते है। साथ ही साथ अपनी ग्राम पंचायत की आशा बहन, आशा संगनी एवं ए0एन0एम0 से भी सम्पर्क कर अपनी पात्रता के विषय में जानकारी लेते हुये अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।